NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक :-89, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

9 बच्चों की मौत के बाद

## कोल्ड्रिफ सिरप एमपी में हुआ बैन



**छिंदवाड़ा।** जिले में कोल्ड्रिफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने इस सिरप की बिक्री पर पूरे मध्यप्रदेश में तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। इतना ही नहीं, सिरप बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट्स पर भी बैन लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, यह सिरप तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित एक फैक्ट्री में तैयार किया जाता है। घटना सामने आने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने तमिलनाडु सरकार से जांच रिपोर्ट मांगी थी। आज सुबह आई रिपोर्ट में गंभीर लापरवाही की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर प्रदेश सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए प्रतिबंध लागू किया है।बता दें छिंदवाड़ा के परासिया ब्लॉक के 9 बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ कफ सरिप की वजह से हो गई। इसके अलावा कई बच्चों का इलाज चल रहा है। यह कफ सिरप तिमलनाडु की श्रीसन फार्मास्यूटिकल की यूनिट से सैंपल लिए गए थे। जिसके सैंपल की च में खुलासा हुआ है कि सिरप में नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉन का इस्तेमाल हुआ है। इसमें आशंका व्यक्त की गई कि वह डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित था। यह दोनों ही किडनी को नुकसान पहुचाने वाले जहरीले पदार्थ हैं। इस रिपोर्ट के बाद तमिलनाडु सरकार ने भी पूरे राज्य में कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री और उपयोग पर तुरंत लोग लगा दी।

# संभल में मुस्लिम पक्ष को झटका

## सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट का रोक लगाने से इनकार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद व मैरिज हाल के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। ध्वतीकरण की कार्रवाई के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में त्वरित सुनवाई की मांग के साथ याचिक याचिका दाखिल की थी, जो शनिवार को खारिज कर दी गई। आरोप है कि यह मस्जिद सरकारी तालाब की जमीन पर बनी थी। इस मामले में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। यह फैसला न्यायमूर्ति




दिनेश पाठक की एकल पीठ ने दिया है। यह याचिका सरकारी जमीन से बेदखली की कार्रवाई के खिलाफ उपलब्ध वैकल्पिक विधिक उपचार के कारण खारिज की गई है। बहस के बाद याची मुस्लिम पक्षकारों ने याचिका वापस ले ली। हाईकोर्ट ने कहा कि याची तहसीलदार की ओर से जारी बेदखली आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है।कोर्ट ने अपीलीय प्राधिकारी को मुस्लिम पक्षकारों की अपील पर हाईकोर्ट के इस आदेश से प्रभावित हुए बिना गुणदोष के आधार पर फैसला लेने का निर्देश दिया है।

संभल में तालाब की जमीन पर बने मैरिज हॉल और मस्जिद के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में मस्जिद कमेटी ने तत्काल सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी।

## सीजफायर को राजी हुआ हमास

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फॉर्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है। हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पॉइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है।




## मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को बेकाबू कार ने रौंदा, तीन की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद।** जिले में राकेश मार्ग पर शनिवार तड़के जबरदस्त हादसा हुआ। बेकाबू कार ने मॉर्निंग वॉक पर निकले कई लोगों को रौंद दिया। इसमें सावित्री देवी 60 वर्ष और 56 वर्षीय मीनू प्रजापति निवासी न्यू कोट गांव की मौत हो गई। जबकि विपिन शर्मा निवासी श्याम विहार कॉलोनी और न्यू कोट गांव निवासी कमलेश शर्मा घायल हो गए। जिन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कमलेश शर्मा की मौत हो गई।

एसीपी उपासना पांडे ने बताया कि कार चालक की पहचान नेहरू नगर निवासी मंजुल के रूप में हुई है। वह भी घायल हुआ है। जानकारी मिली है कि वह बुलंदशहर से लौट रहा था। नींद की झपकी आने की वजह से यह हादसा हुआ। कार पहले



डिवाइडर पर चढ़ी, इसके बाद उसने लोगों को रौंदा। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बरेली में सपा डेलीगेशन की 'नो एंट्री'

## माता प्रसाद हाउस अरेस्ट, एमपी बर्क के घर पुलिस तैनात, इकरा और मलिक को भी रोका



**बरेली।** यूपी के बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद हालात तनावपूर्ण हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत कई सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल आज बरेली जाने वाला था। लेकिन बरेली के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त लखनऊ और अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि बिना इजाजत के कोई भी राजनीतिक प्रतिनिधि बरेली नहीं आएगा। इस पत्र के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। इसको लेकर पुलिस नेता प्रतिपक्ष को नोटिस दिया साथ ही उनके आवास पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

सोमवार सुबह से ही लखनऊ में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे के आवास के बाहर भारी पुलिस तैनाती है। माता प्रसाद पांडेय को हाउस अरेस्ट कर लिया है। हालांकि वह आवास के बाहर आए और गाड़ी में बैठने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पुलिस ने रोक लिया। वहीं, सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर पुलिस बल तैनात है।

उधर, बरेली जा रहे समाजवादी पार्टी के एक सांसद प्रतिनिधिमंडल, जिसमें मोहिबुल्लाह नदवी, इकरा हसन और हरेंद्र सिंह मलिक शामिल थे, को यूपी पुलिस ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गाजीपुर सीमा पर रोक दिया है।

सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि हमें बरेली जाने से रोका जा रहा है। यह असंवैधानिक है... भाजपा सरकार पहले लोगों पर बहुत अत्याचार करती है और फिर उसे छुपाने की कोशिश करती है।

सपा सांसद इकरा हसन कहती हैं, हमें समझ नहीं आ रहा कि अघोषित आपातकाल में हमें किस बिनाह पर रोका जा रहा है। हम प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि वह हमारे साथ चले। हम कुछ भी छिपाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हमारा कोई एजेंडा नहीं है... पता नहीं यूपी सरकार अपनी कौन सी काली करतूत छुपाना चाहती है कि हमें बरेली नहीं जाने दे रही है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता और सपा विधायक माता प्रसाद पांडे ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने उन्हें और समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल को बरेली जाने से रोक दिया है, जहां हाल ही में हुए ₹आई लव मोहम्मदर विवाद के बाद बवाल हुआ था।

**'अगर कलेक्टर ने लिखा होता, तो मैं मान लेता'**

नेता प्रतिपक्ष पांडे ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें एक नोटिस दिया है, जिसमें उन्हें घर पर ही रहने और बरेली न जाने का निर्देश दिया गया है। मेरे नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल वहां (बरेली) जा रहा था। उन्होंने कहा कि पत्र अगर कलेक्टर ने लिखा होता, तो मैं उसे स्वीकार कर लेता। फिर, बरेली के डीएम का एक पत्र आया है। उन्होंने यह भी कहा कि आपके आने से यहां का माहौल खराब होगा, इसलिए आपको यहां नहीं आना चाहिए।

पांडे ने आगे कहा कि ₹अपनी कमियों को छिपाने के लिए, वे हमें वहां नहीं जाने दे रहे हैं। अब हम अपनी पार्टी सदस्यों से बात करेंगे और उसके अनुसार निर्णय लेंगे।

## गायत्री प्रजापति को केजीएमयू के में शिफ्ट किया गया



**लखनऊ।** पूर्व यूपी मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को जेल में एक झगड़े के बाद गंभीर चोट आई थी। उन्हें केजीएमयू के ऑर्थोपेडिक वार्ड में शिफ्ट किया गया है। खबर है कि प्रजापति को पहले जेल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। लेकिन, बेहतर इलाज की आवश्यकता देखकर उन्हें ऑर्थोपेडिक वार्ड में स्थानांतरित किया गया है। मंगलवार की रात (30 सितंबर) को जिला जेल में एक बंदी ने रॉड से हमला कर दिया, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया था। गायत्री की बेटी ने कहा था कि पिता के सिर में 18 से 20 टांके लगे हैं। उन पर पूरी साजिश के तहत हमला किया गया है। उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। अगर वो जेल में भी सुरक्षित नहीं हैं तो कहां सुरक्षित होंगे। हमें न्यूज चैनल के जरिये उन पर हमले की जानकारी हुई। हम सरकार से मांग करते हैं कि हमें न्याय दिया जाए और उन्हें जमानत दी जाए। वहीं, समाजवादी पार्टी ने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की है, जबकि प्रजापति का स्वास्थ्य फिलहाल स्थिर बताया जा रहा है।

## पत्नी की बेवफाई से टूटा मजदूर, चार बच्चों संग यमुना में कूदा

**शामली।** जनपद के कैराना में पत्नी की बेवफाई से परेशान मोहल्ला खेल कला निवासी मजदूर सलमान (38) ने अपनी बेटी महक(12), शिफा(5), बेटे आयान(3) और आठ माह की बेटी इनायशा के साथ शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे यमुना में छलांग लगा दी। यमुना में कूदने से पहले मजदूर ने अपने बच्चों के साथ रोते हुए वीडियो बनाकर अपनी बहन को भेज दी, जिसमें आत्महत्या के लिए पत्नी और उसके प्रेमी को जिम्मेदार ठहराया।

शनिवार सुबह पता चला कि मोहल्ला खेल कला निवासी सलमान एक दिन पहले अपने चार बच्चों के साथ कसबे में पुराने पुल से यमुना नदी में कूद गया था। इसके बाद परिजन और मोहल्ले के काफी लोग तथा पुलिस मौके पर पहुंची। मजदूर सलमान की बहन गुलिस्ता ने बताया कि उसके दो भाइयों में सलमान बड़ा था। सलमान की पत्नी कई बार घर से चली गई थी। गुरुवार को भी पति-पत्नी के बीच में काफी झगड़ा हुआ जिसके बाद सलमान की पत्नी घर से चली गई थी। शुक्रवार की सुबह सलमान घर से अपने बच्चों को लेकर काम करने की बात कह कर गया था। दोपहर करीब 12:00 बजे सलमान ने अपने बच्चों के साथ वीडियो बनाकर भेजी थी, जिसमें मैं नहीं देख सकी थी, जिसमें सलमान रोते हुए बोल रहा था कि वह अपने बच्चों के साथ आत्महत्या कर रहा है।



### तीन माह बाद हिमाचल में चमका वीकेंड टूरिज्म, सैलानियों की संख्या बढ़ी

हिमाचल प्रदेश में करीब तीन माह बाद वीकेंड टूरिज्म ने फिर रफ्तार पकड़ी है। शिमला, नारकंडा, चायल, कसौली और धर्मशाला में सैलानियों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद अब गुजरात और अन्य राज्यों से एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है, जिससे पर्यटन व्यवसायियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। शिमला के कुफरी और नारकंडा में वीकेंड पर सैलानियों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक वाहन और टैक्सियां पहुंचने से पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ी है।

## समंदर में धमाके के साथ उड़ गई 'ड्रग टेररिस्ट' की बोट; 4 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर वेनेजुएल के कथित ड्रग आतंकवादियों पर हवाई हमले जारी हैं। शुक्रवार अमेरिकी नौसेना ने फिर ड्रग तस्करों की एक जहाज को समुद्र में हवाई हमला करके उड़ा दिया। इस दौरान कम से कम 4 ड्रग आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ ने तस्करों की बोट पर अमेरिकी सेना के हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर यह हमला किया गया। हेगसेथ ने कहा कि तस्करों को रोकने और अमेरिकियों को नशे से बचाने के लिए आगे भी ऐसे हमले जारी रहेंगे।




पीटर हेगसेथ द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि तथाकथित ड्रग तस्करों को आशंका हो जाती कि उनका कोई पीछा कर रहा है, लिहाजा वह तेजी से भागने का प्रयास करते दिख रहे हैं। मगर इसी दौरान अमेरिका की नौसेना तस्करों की बोट पर एक जोरदार धमाका करती है। इसके बाद बोट के परखच्चे उड़ जाते हैं। समुद्र में देर तक बोट से आग और धुआं उठता दिखाया दे रहा है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ ने पोस्ट में लिखा, आज सुबह, राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर, मैंने उत्तरदायित्व क्षेत्र में नामांकित आतंकवादी संगठनों से संबद्ध एक नशा-तस्करी जहाज पर घातक, सशस्त्र हमला करने का निर्देश दिया। जहाज पर मौजूद चार पुरुष नशा-आतंकवादी उस हमले में मारे गए, और ऑपरेशन में किसी अमेरिकी बल को कोई क्षति नहीं पहुंची। यह हमला वेनेजुएला के तट के ठीक बाहर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तब किया गया जब वह जहाज अमेरिका की ओर हमारे लोगों को जहर देने के इरादे से बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ ले जा रहा था।

पीटर हेगसेथ ने लिखा, हमारी खुफिया जानकारी ने निस्संदेह पुष्टि की कि यह जहाज नशीली दवाओं की तस्करी कर रहा था, जहाज पर सवार लोग नशा-आतंकवादी थे, और वे एक ज्ञात नशा-तस्करी ट्रांज़िट मार्ग पर संचालित हो रहे थे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025


## यमुना एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार दो युवकों की मौत

एनएनआई

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 140 पर शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कानपुर के दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

दोनों युवक अपाचे बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

कानपुर के बदुआपुर नौबस्ता के रहने वाले रघुनाथ और कानपुर देहात के शिवली निवासी जसवंत आपस में दोस्त है। बताया जा रहा है कि दोनों



मथुरा में रह कर कोई काम करते है। शनिवार तड़के चार बजे दोनों अपाचे बाइक से किसी काम से कही जा रहे थे। बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 140 पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर बलदेव थाना प्रभारी रंजना सचान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची।

पुलिस ने दोनों युवक की पहचान के प्रयास किए। कुछ देर बाद दोनों की पहचान हो सकी। इसके बाद पुलिस से स्वजन को हादसे के बारे में बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि स्वजन के आने पर पता चल सकेगा कि दोनों युवक मथुरा में क्या काम करते थे। साथ ही अन्य जानकारी भी जुटाई जाएगी।

## 'बेटियों का ध्यान रखना..', पत्नी से कहे आखिरी शब्द

### फिर घर में लटकी मिली सराफ की लाश

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में वृंदा कुंज रेजिडेंसी में कर्ज में डूबे सराफा कारोबारी धैर्य गुप्ता (45) ने पत्नी और बेटियों को मायके में भेजने के बाद फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया है कि सराफ व्यापार में हुए नुकसान से नहीं उबर पा रहे थे। इसी कारण उन पर बाजार का खासा कर्ज हो गया था। कर्जदारों के दबाव में मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

वृंदा कुंज रेजडेंसी में सी ब्लॉक के फ्लैट संख्या 207 में धैर्य गुप्ता अपनी पत्नी अनुपम और चार बेटियों के साथ रहते थे। वह मूल रूप से टूंडला निवासी थे। फिलहाल यहां किराये पर रहते थे। बृहस्पतिवार को वह अपनी पत्नी और बेटियों को आगरा में खंदौली स्थित उनके मायके छोड़ आए थे। धैर्य ने वापस आकर रात्रि में अपने फ्लैट में फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार सुबह जब अपने फ्लैट से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने परिजन को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचे। फ्लैट को पुलिस ने खोला तो धैर्य फंदे पर लटके हुए मिले। इस पर पत्नी और बेटियों का रो-रोककर बुरा हाल हो गया।

पुलिस को परिजन से जानकारी मिली है कि वह कुछ दिनों से ज्यादा परेशान चल रहे थे। टूंडला में कारोबार में नुकसान हुआ तो बहुत



उम्मीदों से वृंदावन आ गए लेकिन यहां भी काम सफल नहीं हो सका। कर्ज का बोझ और बढ़ गया। कर्जदार लगातार दबाव बनाए हुए थे। इस कारण से परेशान होकर जान दे दी। धैर्य की हिम्मत जवाब दे गई थी। वह खुद भी परेशान थे और परिजन को भी परेशान देखते थे। परिवार के सारे खर्चे भी थे। लेकिन वह अपनी परेशानी की किसी को भनक तक नहीं लगने देते थे। वह कर्जे में फंस गए थे। जान देने से पहले पत्नी और बच्चों से काफी बात की और बेटियां से कहा कि तुम ही एक दूसरे की ताकत हो। फिर सभी को साथ लेकर खंदौली में अपनी ससुराल गए। वहां सभी से मिले और पत्नी और बेटियां को वहां छोड़ने के बाद खुद अकेले आ गए और पत्नी से कहा कि वह बाहर जा सकते हैं। अपना और बेटियां का ध्यान रखना। कारोबारी ने फंदा लगाकर जान दी है। इस बात की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई थी।

## संत प्रेमानंद से मिलने को दो बच्चों ने छोड़ा घर

एनएनआई

**मथुरा।** दो बच्ची संत प्रेमानंद महाराज से मिलने की चाहत में ग्वालियर से मथुरा आ गए। सूचना पर जीआरपी ने दोनों को रेलवे जंक्शन से सकुशल ढूंढ निकाला। दोनों को ग्वालियर पुलिस की मौजूदगी में परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। दोनों के लापता होने के बाद परिजन ने ग्वालियर के एक थाने में अपहरण की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

बृहस्पतिवार को ग्वालियर निवासी 13 वर्षीय किशोरी अपनी बड़ी बहन के 7 वर्षीय बेटे के साथ प्रेमानंद



महाराज से मिलने के लिए निकल आई। किसी तरह मथुरा जंक्शन पर पहुंच गई। दोनों के लापता होने पर परिजन ने ग्वालियर के गोला का मंदिर थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई दी। सूचना पर जीआरपी ने भी रेलवे जंक्शन पर दोनों बच्चों की ग्रुप में प्राप्त फोटो से तलाश शुरू कर दी। बृहस्पतिवार को देर रात दोनों को जीआरपी ने रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 3 से ढूंढ निकाला। इसकी जानकारी ग्वालियर पुलिस को दी गई। देर रात ही ग्वालियर पुलिस और दोनों बच्चों के परिजन मथुरा स्थित रेलवे जंक्शन पहुंचे। यहां जीआरपी ने आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर दोनों को परिजन को सौंप दिया। जीआरपी थाना प्रभारी यादराम सिंह ने बताया की सूचना मिलते ही उन्होंने बच्चों के फोटो ग्रुप में शेयर किए थे, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाई और बच्चों को ढूंढ निकाला।

## ओवरटेक करने पर किसान नेता को गोली मारी, हालत नाजुक

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** ओवरटेक करने के मामूली विवाद में प्रधान के बेटे ने किसान नेता को गोली मार दी। गोली उनके सीने को चीरते हुए निकल गई। किसान नेता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से आगरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष अपनी बाइक से शुक्रवार रात में घर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने तेज रफ्तार से स्कॉर्पियो सवार प्रधान के बेटे और उसके दोस्तों को ओवरटेक कर लिया। इससे प्रधान का बेटा भड़क गया।



स्कॉर्पियों से पीछा कर लिया और ओवरटेक कर किसान नेता को रोका। इसके बाद किसान नेता को पीटा और गोली मार दी। किसान नेता लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।

वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 3 टीमें गठित की गई हैं। मामला एका थाना क्षेत्र का है।

## मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी में भी खुलेंगे आधार केंद्र

एनएनआई

**मथुरा।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) आगरा की तरह पड़ोसी जिलों में नए आधार केंद्र खोलेगा। इससे यहां के आधार केंद्र पर आने वाले आसपास के जिलों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। घंटों लाइन में लगकर आधार अपडेट करने की समस्या भी खत्म हो जाएगी। करीब 5 से 6 महीने में नए केंद्र शुरू हो जाएंगे।

खंदारी स्थित आधार केंद्र पर रोज एक हजार लोगों के लिए आधार कार्ड बनवाने और अपडेट करने की सुविधा है। आसपास के जिलों में आधार केंद्र ना होने के चलते वहां के लोग भी इसी केंद्र पर आते हैं।




इससे यहां रोज करीब 2500 लोग पहुंचते हैं। सिर्फ एक हजार स्लॉट होने की वजह से कई लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है। लंबी कतार होने पर कई लोग बिना काम के ही वापस लौट जाते हैं। प्रदेश के सभी जिलों में आधार केंद्र खोलने की योजना है। उसी के तहत पड़ोसी जिलों मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़ में भी आधार केंद्र खुलेंगे। इन जिलों से आने वाले लोगों को नए केंद्र खुलने से आगरा तक की दौड़ नहीं लगानी होगी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रवक्ता अकरम ने बताया कि आगरा की तरह पड़ोसी जिलों में भी आधार केंद्र बनेंगे, जिससे लोगों को काफी राहत होगी। जो सुविधाएं आगरा के केंद्र पर दी जा रही हैं, वही सुविधाएं अन्य सभी जगहों पर उपलब्ध होंगी।

# कैंटर-ईको भिड़ंत में दम्पत्ति की मौत

## आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर देर रात हुआ हादसा, दो अन्य घायल

एनएनआई

**आगरा।** आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर शुक्रवार देर रात टाटा कैंटर और इको कार के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दंपत्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए हादसा बाजिदपुर के पास हुआ। मृतकों की पहचान बुलंदशहर निवासी सुभाष पुत्र वीरी सिंह और उनकी पत्नी रेखा के रूप में हुई है।

घायलों में सुभाष के भाई सूरज और साला उवाश पुत्र टीकाराम को गम्भीर हालत में इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक दम्पत्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बताया गया है कि ईको सवार लोग अपने पिता वीरी सिंह को लेने राजाखेड़ा जा रहे थे। वीरी सिंह अपनी बेटी कुंती देवी के घर घूमने गए थे। जहां उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई।



बेटे उन्हें लेने जा रहे थे। रास्ते में बाजिदपुर के पास उनकी गाड़ी सामने से आ रहे टाटा कैंटर से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि इको गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज और उवाश को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस फरार कैंटर चालक की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है।? मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए आगरा भेजा गया है। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने में खड़ा कराया गया है। हादसा देर रात लगभग 1 बजे हुआ था।

## अस्पताल में खड़ी कार धू-धू कर जली

### आग की लपटों से मौके पर मची अफरा-तफरी

**आगरा** एनएनआई। लेडी लॉयल अस्पताल परिसर में शुक्रवार दोपहर एक खड़ी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी धू-धूकर जल उठी। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार और उसमें रखा सारा सामान राख हो चुका था। घटना दोपहर करीब 12:15 बजे की है। शाहगंज की पंचशील कॉलोनी निवासी रोहित अपनी बेटी को स्कूल से लेने के बाद एक परिचित के बच्चे को देखने अस्पताल आए थे। उन्होंने कार अस्पताल परिसर के बाहर सड़क किनारे खड़ी की और अंदर चले गए। कार में जरूरी कागजात और बेटी का बैग रखा था।

कुछ देर बाद बाहर से शोर सुनाई दिया। रोहित भागकर बाहर पहुंचे तो देखा कि कार के बोनट से धुआं निकल रहा है। थोड़ी ही देर में आग की तेज लपटें उठने लगीं। मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। रोहित ने बताया कि उन्होंने सवा महीने पहले ही कार खरीदी थी और घटना वाले दिन यह सिर्फ 5-6 किलोमीटर ही चली थी। प्राथमिक रूप से आग लगने की वजह बैटरी में तकनीकी खराबी मानी जा रही है।

## ऑटो पार्ट्स की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल पार, घटना सीसीटीवी में कैद

**आगरा** एनएनआई। शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान को निशाना बना डाला। चोर ताले तोड़कर दुकान में घुसे और लाखों रुपये के ऑटो पार्ट्स समेट ले गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

नगला किशनलाल निवासी दुकान मालिक बलराम सिंह यादव ने बताया कि श्री कृष्णा ऑटो पार्ट्स के नाम से दुकान है। शनिवार सुबह 7 बजे जब दुकान पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो माल बिखरा



पड़ा था और कई महंगे पार्ट्स गायब थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिसमें तीन चोर दुकान के अंदर घुसकर काउंटर के आसपास रखे सामान को भरते हुए नजर आ रहे हैं। चोरी की वारदात को चोरो द्वारा बड़े आराम से 15 से 20 मिनट तक अंजाम दिया गया। जिसके साथ ही पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोरी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। क्षेत्रीय व्यापारियों ने घटना पर आक्रोश जताते हुए रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## कालिंदी विहार में विवादः डीजे संचालक और हास्पिटल स्टाफ आमने-सामने

एनएनआई

**आगरा।** कालिंदी विहार क्षेत्र में डीजे संचालक और हास्पिटल स्टाफ के बीच जमकर विवाद और मारपीट हो गई। घटना का वीडियो शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया।

जानकारी के अनुसार, ट्रांस यमुना के 80 फुटा रोड पर शाह हास्पिटल के पास डीजे संचालक निरोत्तम सिंह का गोदाम है। बुधवार रात 11 बजे वह कर्मचारियों के साथ डीजे की गाड़ी में वायरिंग चेक कर रहे थे। इसी दौरान शाह हास्पिटल से कुछ लोग बाहर आए और डीजे बंद करने को कहा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर हास्पिटल संचालक प्रवीन सिसौदिया और उनके स्टाफ ने लाठी-डंडों व सरिया से डीजे संचालक और उसके कर्मचारियों पर हमला कर दिया। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लाठी-डंडों से हमला करते लोग नजर आ रहे हैं। इस दौरान एक डीजे कर्मी का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि दूसरे के सिर में गंभीर चोट आई। वहीं, हास्पिटल संचालक प्रवीन सिसौदिया ने आरोप लगाया कि डीजे संचालक तेज आवाज में भद्दे गाने बजा रहा था। स्टाफ ने विरोध किया तो डीजे पक्ष ने ही मारपीट शुरू कर दी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## शिक्षिका की संदिग्ध अवस्था में मौत

**आगरा** एनएनआई। ट्रांस यमुना क्षेत्र के नगला रामबल में शुक्रवार शाम प्राइमरी शिक्षिका का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद ससुरालीजन घर छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। करीब तीन घंटे बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। मृतका की पहचान 32 वर्षीय मंजू के रूप में हुई है, जो कासगंज में प्राइमरी विद्यालय में शिक्षिका थीं। मूल रूप से शाहगंज के नगला छाउआ निवासी मंजू की शादी 16 जनवरी 2025 को नगला रामबल निवासी मनोज के साथ हुई थी। मनोज फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय में शिक्षक हैं।

मृतका की बहन अंजू ने आरोप लगाया कि शादी के तीसरे दिन ही मंजू को पति मनोज के अवैध संबंधों की जानकारी मिली थी। इसका विरोध करने पर स्थिति बिगड़ती चली गई। मामला परामर्श केंद्र तक भी पहुंचा, लेकिन समाधान नहीं निकला।

# एसडीएम ने बाबू को कमरे में बंद कर पीटा, तानी राइफल

## एत्मादपुर तहसील का मामला, कर्मचारियों में आक्रोश

एनएनआई

**आगरा।** एत्मादपुर तहसील में एसडीएम और बाबू के बीच विवाद हो गया। राजस्व बाबू ने एसडीएम पर उन्हें डंडे से पीटने का आरोप लगाया है। उनके ऊपर कुर्सी फेंककर मारी। फिर होमगार्ड की राइफल लेकर तान दी। लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला शांत हुआ। कर्मचारी संघ ने डीएम से शिकायत कर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसडीएम ने मारपीट की बात को गलत बताया है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है।

तहसील में राजस्व का काम देखने वाले बाबू वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह दूसरे तल पर बने अपने कमरे में काम कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम एत्मादपुर सुमित सिंह सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के साथ संग्रह अनुभाग पहुंचे और कमरा अंदर से बंद कर लिया। गाली-गलौज



करते हुए दफ्तर छोड़कर भागने के लिए कहा। उन्होंने रिलीविंग ऑर्डर मिलने पर जाने की बात कही तो पहले कुर्सी फेंककर मारी फिर डंडे से पीटा। इसके बाद होमगार्ड की राइफल उठाकर तानकर जान से मारने की धमकी दी।

फिर होमगार्डों से कमरे से बाहर निकलवाकर ताला लगा दिया। साथी कर्मचारियों और अन्य लोगों के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। इसके बाद बाबू ने उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ आगरा के पदाधिकारियों से संपर्क किया और जिलाधिकारी से शिकायत की। संघ के जिला एवं मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कुमार भारद्वाज ने बताया कि एसडीएम पहले भी कई कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार कर चुके हैं। उन्होंने मांग की कि एसडीएम को तत्काल स्थानांतरित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए।

**एसडीएम ने सभी आरोपों को बताया झूठा**

एसडीएम सुमित सिंह ने कर्मचारी और संघ के सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि बाबू से राजस्व रिकॉर्ड मांगा गया था। बाबू ने न तो रिकॉर्ड पेश किया, न ही स्पष्टीकरण का जवाब दिया। उन्होंने रिकॉर्ड न पेश करने का कारण पूछा तो खुद बदसलूकी की।

**मामले की कराएंगे जांच**

डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि मैं सुबह से ही खेरागढ़ में घटना स्थल पर था। घटना की जानकारी नहीं है। अगर कोई घटना हुई है तो उसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पहले भी हो चुका है अफसरों-बाबुओं में टकराव**

अफसर-बाबू के बीच टकराव की घटना पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले डीएम रहे प्रभु एन सिंह पर एक बाबू ने हमला कर दिया था। वहीं, समीक्षा बैठक के दौरान डीएम रहे भानु चंद्र गोस्वामी से एक बीडीओ ने अभद्रता की थी।

NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025



# सात अभी भी बेसुराग

## गांव में एक साथ जलीं 5 चिताएं, आंसूओं की बही धारा, पिता को ढूढ़ते बच्चे, होश खोते परिजन, मातमी मंजर देख फट पड़ा कलेजा

एनएनआई

**आगरा।** कागारौल क्षेत्र में दो दिन पहले तक जहां पर मंगल गीत गूंज रहे थे, वहां आज करुण क्रंदन और आंखों में आंसू हैं। शुक्रवार शाम को एक-एक करके 5 के शव आए तो गांव कुसियापुर के लोगों का कलेजा फट पड़ा। हर तरफ अपनों के जाने का गम। रोते-बिलखते परिजन को संभालने वालों के भी आंसू निकलने लगे। एक साथ 5 चिताएं जलीं तो हर आंख नम हो गई। दो दिन से गांव के घरों में चूल्हे भी नहीं सुलगे हैं। शुक्रवार देर शाम सभी पांचों का अंतिम संस्कार नदी किनारे सरकारी भूमि पर किया गया। अभिषेक को उनके चचेरे भाई रोहित, ओमपाल को उनके बेटे वरुण, भगवती को छोटे भाई हरिओम, गगन को चचेरे भाई आकाश और मनोज को बड़े भाई पंकज ने मुखाग्नि दी। गांव में एक साथ 5 चिताओं के जलता देख हर आंख नम हो गई। घटना से आसपास के क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। घरों में चूल्हे भी नहीं सुलगे हैं।

### पोस्टमार्टम हाउस पर गूंजते रहे सायरन, नहीं थमीं सिसकियां

सायरन की आवाज आते ही परिजन उसकी और दौड़ पड़ते। शव जैसे ही बाहर निकालते परिजन दहाड़ मारकर रोने लगते। पड़ोसी उनको ढांढस बंधाते हुए संभालने की कोशिश करते। शव अंदर रखने के बाद अपनों का नाम लेकर परिजन सिसकियां भरने लगते। पोस्टमार्टम हाउस पर इस हृदयविदारक दृश्य से हर कोई दुखी दिखा। बृहस्पतिवार की रात से शवों को लाने का सिलसिला शुरू हुआ। एंबुलेंस में एक-एक करके शुक्रवार की दोपहर तक पांच शव लाए गए। इनके परिजन पहले ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। शवों को देखते ही परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### सात शवों की तलाश जारी

आगरा में खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में दशहरा पर बृहस्पतिवार को उटंगन नदी में देवी प्रतिमा विसर्जन करते डूबे 12 युवकों में से 2 और के शव शुक्रवार को निकाल लिए गए। घटना के 24 घंटे में 5 के ही शव बरामद किए जा सके। 7 और की तलाश के लिए 50 पैरा ब्रिगेड की यूनिट 411 पैरा फील्ड कंपनी को बुलाया गया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद पांचों के शव गांव लाए गए। पुलिस अंतिम संस्कार कराना चाहती थी, लेकिन ग्रामीण सभी शवों के मिलने पर एक साथ अंतिम संस्कार पर अड़ गए। उन्होंने घटनास्थल के बाहर कंडे डालकर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। देर शाम लोगों को समझाकर शांत किया।







### राजस्थान जाने की कहकर उटंगन में कर दिया विसर्जन

पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने कहा कि कस्बे के पुल के दूसरे तरफ उटंगन नदी पर विसर्जन की व्यवस्था की गई थी। ज्यादातर लोगों ने वहीं पर विसर्जन किया। जब गांव कुसियापुर के लोग पहुंचे तो वो नदी के अंदर विसर्जन की कहने लगे। इस पर पुलिस ने रोक दिया। विसर्जन की व्यवस्था पर ही प्रवाहित करने के लिए कहा। इस पर लोगों ने राजस्थान जाने की बात कहकर श्मशान घाट की जगह के पास नदी में विसर्जन कर दिया।

### मूर्ति नहीं हो पाई विसर्जित

यह मूर्ति अभी भी नदी के किनारे पर ही है। मूर्ति विसर्जन के दौरान 13 डूबे थे। इनमें से 1 को बचा लिया गया था। इसके बाद से लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। एसडीआरएफ इटावा में होने की वजह से देरी से आई। घटनास्थल पर बिजली की व्यवस्था करा दी गई है। रात में एनडीआरएफ कार्य नहीं करती है। लोगों की मांग थी कि सेना को बुलाया जाए। इस पर सेना की टीम को बुलाया गया है। डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने बताया कि विसर्जन स्थल पर सारी व्यवस्थाएं की गईं थीं। मगर लोग नदी के दूसरी तरफ पहुंच गए। मूर्ति विसर्जन के बाद लोग नहाने उतर गए। एक व्यक्ति गड्ढे में फिसल गया। इससे बाकी लोग भी बचाने में डूबते चले गए।

### राहत में देरी बनी आक्रोश की वजह

हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। एनडीआरएफ की टीम इटावा से देर से पहुंची और रात में कार्य नहीं करती, जिससे खोज अभियान शुक्रवार सुबह ही शुरु हो सका। इसी वजह से ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### प्रशासन ने की मुआवजे की घोषणा

डीएम ने बताया कि मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, बाकी लापता लोगों की तलाश युद्धस्तर पर जारी है।

सर्च ऑपरेशन जारी

# एक को बचाने के लिए डूब गए 12 लोग

एनएनआई

**आगरा।** खेरागढ़ के कुसियापुर स्थित उटंगन नदी में डूबे 7 और लोगों की तलाश के लिए राज्य और राष्ट्रीय मोचन दल के बाद सेना को भी बुलाया गया। टीम के जवान ऑक्सीजन सिलिंडर के साथ पानी के अंदर तक गए। जिस स्थान पर अवैध खनन का गड्ढा बताया गया था, वहां दो घंटे तक टीम तलाश करती रहीं, लेकिन रात 9 बजे तक कोई नहीं मिला।

बृहस्पतिवार से पुलिस के 50 जवान के साथ ही एसडीआरएफ और एनडीआरएफ लगी हुई थी। पीएसी की फ्लड कंपनी को भी बुलाया गया था। सभी मोटरबोट से तलाश में लगे हुए थे। 12 में से 5 ही दोपहर 12 बजे तक मिल सके। बाकी का पता नहीं चल पा रहा था। ग्रामीणों के गुस्से को शांत करने के लिए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार और जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सैन्य अधिकारियों से बात की। इसके बाद 50 पैरा ब्रिगेड की 411 पैरा फील्ड यूनिट की टीम पहुंच गई। टीम ने अपने सभी उपकरणों के साथ नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

घटनास्थल पर पुलिस फोर्स जहां सर्च ऑपरेशन चला रही है, वहीं अलग-अलग 15 से अधिक गांव के लोग भी पहुंचे हुए हैं। पुलिस लोगों को घटनास्थल के पास जाने से रोक रही थी। अपर पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह ने लोगों से अपील की कि वह घटनास्थल से दूर रहें। पुलिस को अपना काम करने दें।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया नेताओं का विरोध

ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटनास्थल के पास जाम लगा दिया। एसडीएम संदीप यादव के घटनास्थल से जाते ग्रामीण भड़क गए और गाड़ी को घेर लिया। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया। वहीं दोपहर जब भाजपा सांसद राजकुमार चाहर और जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया घटनास्थल पर पहुंचे तो लोगों ने उनका विरोध किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों ने हादसे के बाद कोई ठोस मदद नहीं की और सरकार की ओर से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता या राहत की घोषणा तक नहीं की गई। इसके बाद भाजपा के होर्डिंग पर सांसद व जिलाध्यक्ष की तस्वीरों पर कालिख पोतकर नारेबाजी की गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।



# अप्सा के फिएस्टा का हुआ रंगारंग आगाज

## कर्नल ब्राइट लैंड स्कूल में हुईं ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं

केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. बघेल ने किया फिएस्टा का शुभारंभ

एनएनआई







**आगरा।** अप्सा के फिएस्टा का शुभारंभ शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल में हुआ। इस दौरान ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ. जीएस राना, त्रिलोक सिंह राना, कर्नल अपूर्व त्यागी, दीपिका त्यागी और रुबीना खानम द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने छात्र-छात्राओं को शिक्षित होने, संघर्ष करने और समाज के सुधार के लिये नित्य नए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में सर्वांगीण विकास के लिये साहित्य, सांस्कृतिक और खेल कौशल को बेहद महत्वपूर्ण बताया। सभी को बेहतरीन करने की सलाह देते हुए कहाकि इस अप्सा फिएस्टा में 10 हजार से अधिक बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास संवर्धन में अप्सा द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।अप्सा के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने बताया कि इस फिएस्टा में लगभग 47 विद्यालयों में 3 से 16 अक्टूबर तक 33 प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें 83 केटेगरी में लगभग 1931 पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा। अप्सा फिएस्टा का समापन 17 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार, डॉ. आभा, डॉ. रेखा कक्कर, देवेंद्र कुमार सिंह, डॉ. शारदुल मिश्रा और ललिता कुंजरू निर्णायक मंडल में रहीं। प्रतियोगिता प्राथमिक, कनिष्ठ, उपकनिष्ठ, वरिष्ठ व उपवरिष्ठ वर्गों में आयोजित की गई।

# अमृत संचार संग गुरमत समागम का हुआ समापन

- डेढ़ सौ लोगों को दिल्ली से आए पंज प्यारों ने कराया अमृत पान
- नई पीढ़ी से बाणी, कथा, कीर्तन और गुरुघर से जुड़ने की अपील

एनएनआई



**आगरा।** गुरुद्वारा गुरु का ताल में तीन दिवसीय गुरमत समागम के आखिरी दिन शुक्रवार को अमृत संचार में 150 महिला, पुरुष और बच्चों ने अमृत पान कर खालसा रूप धारण किया। गुरुद्वारा गुरु का ताल के मौजूदा मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह ने बताया कि दिल्ली से आए पंज प्यारों ने सभी को सिख मर्यादा के तहत अमृत पान कराया।

पंजप्यारों ने सभी को ककार धारण कराए और खंडे बाटे से तैयार किया गया अमृत ग्रहण कराया। अमृत पान करने के बाद सभी ने पंक्तिबद्ध होकर गुरुद्वारा मंजी साहब में चल रहे समागम में पहुंच माथा टेका। इस दौरान यहां मौजूद सभी संतो ने अमृत पान कर खालसा स्वरूप में सजे सभी सिखों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। संगत ने जयकारे लगाकर सभी का स्वागत किया।

जत्थेदार बाबा रजिंदर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अंतिम दिन सुबह से दोपहर तक कीर्तन समागम हुआ। दरबार साहिब में गुरुद्वारा गुरु का ताल के रागी जत्थे भाई हरजीत सिंह और लवप्रीत सिंह ने गुरबाणी गायन किया। ज्ञानी केवल सिंह ने गुरमत विचार रखते हुए अमृत पान करने वाले सभी सिखों को शुभकामनाएं दीं और प्रतिदिन नितनेम करने, वाणी पढ़ने के महत्व के बारे में बताया। बाबा अमरीक सिंह ने नई पीढ़ी से बाणी, कथा, कीर्तन और गुरुघर से जुड़ने की अपील की। अंत में आनंद साहिब का पाठ हुआ। अरदास और हुकुमनामे के साथ तीन दिवसीय समागम का समापन हुआ। संचालन ज्ञानी केवल सिंह और गुरुद्वारा शीशगंज साहब दिल्ली के हेड ग्रंथी ज्ञानी अंग्रेज सिंह ने किया। इस दौरान बाबा पाल सिंह, बाबा अमर सिंह, महंत हरपाल सिंह, ग्रंथि हरबंस सिंह, सतवीर सिंह सुशील, अजायब सिंह टीटू , वीर सिंह और हरनाम सिंह ने समागम की व्यवस्थाएं संभाली।

# जैन आगम स्थाना-सूत्र पर हुआ गहन मंथन

## आगरा में राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का हुआ आगाज



- देश-विदेश के विद्वान कर रहे गहन विचार-विमर्श

एनएनआई

**आगरा।** महावीर भवन न्यू राजा की मंडी में जैन स्थानक में तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस ऐतिहासिक संगोष्ठी का केंद्रबिंदु जैन आगम स्थानाङ्गसूत्र है, जिस पर देश-विदेश से आए विद्वान गहन विचार-विमर्श कर रहे हैं।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ राज्यसभा सांसद नवीन जैन किया। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रो.सुरेंद्र जैन ने जैन दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि काशीनाथ न्यौपाने, एम. चंद्रशेखर और श्रुत रत्नाकर ट्रस्ट, अहमदाबाद के संस्थापक निदेशक डॉ. जितेंद्र भाई शाह ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। पहले दिन प्रथम सत्र में बहुश्रुत मुनि श्री जय मुनि ने सृष्टि की द्विरूपता का चित्रण एक झलक विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। दोपहर के सत्रों में विद्वानों ने अलग-अलग विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र में श्री व्योम शाह (अहमदाबाद), अमोघ प्रभुदेसाई (पुणे), ज्योति कोठारी (जयपुर) और धर्मचंद जैन (जयपुर) ने स्थानाङ्गसूत्र के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में शोभना शाह (अहमदाबाद), मानसी धारीवाल (राजस्थान), अभिषेक जैन (पानीपत), राका जैन (दिल्ली) और दीनानाथ शर्मा (बनारस) ने अपने शोधों के माध्यम से स्थानाङ्गसूत्र की गहराई को समझने का प्रयास किया।

इन शोधपत्रों में स्थानाङ्गसूत्र का भाषिक विश्लेषण, पुराण-सम्मत सात गोत्रों का विवेचन, अवमरात्र की शोधपरक व्याख्या और छह भावों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण जैसे गूढ़ और महत्वपूर्ण विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया। यह संगोष्ठी जैन दर्शन की वैज्ञानिकता और प्रासंगिकता से रूबरू करा रही है। शनिवार को संगोष्ठी के दूसरे दिन भी कई शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे ।

# नफरत के इस दौर में भी प्यार बांटता हूं...

## नेहरू नगर क्लब के कवि सम्मेलन में वही काव्य रसधार, हास्य श्रृंगार और वीर रस से सराबोर हुए श्रोता

एनएनआई



**आगरा।** नेहरू नगर क्लब के दो दिवसीय दशहरा डांडिया उत्सव के दूसरे दिन कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवियों ने काव्य पाठ में राज और समाज की नीति पर जमकर शब्द प्रहार किये। शुक्रवार को नेहरू नगर पार्क में कवि सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल और जगदीश प्रसाद बागला ने किया। डॉ. रुचि चतुर्वेदी ने गणपति और सरस्वती वन्दना से काव्य पाठ प्रस्तुत किया। इसके बाद यश भारती से सम्मानित गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना ने अपने काव्य पाठ में तपती हुई जमी है जल घर बांटता हूं,पतझड़ के रास्तों में बहार बांटता हूं। यह आग का दरिया है जीना भी बहुत मुश्किल है, नफरत के दौर में भी प्यार बांटता हूं से समां बांधा। कवि सुदीप भोला ने अपने काव्य पाठ में कहा तब कहीं रावण मारेगा ,जो यहां जैसा करेगा ,वो वैसा भरेगा। फरीदाबाद से आए कवि दिनेश रघुवंशी ने अपनी रचनाओं से श्रृंगार रस का अद्भुत वर्णन करते हुए कहा कि सितम हसकर सहेगा और फिर भी मुस्कुरायेगा। ये दिल आखिर खिलौना है किसी दिन टूट जायेगा। इस मौके पर संस्थापक सतीश इंजीनियर ने बताया कि यह सनातन संस्कृति की समर्पित आयोजन पिछले आठ वर्षों से निरंतर हो रहा है। इस तरह के सामाजिक और धार्मिक आयोजन समाज में युवाओं को प्रेरणा के साथ सामाजिक सद्भाव और समरसता का संदेश देते हैं। इस मौके पर संस्था के संरक्षक पंकज गर्ग,नवीन गर्ग ने भी अपने विचार रखे।

### इन्होंने दी प्रस्तुति

राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना, डॉ. रुचि चतुर्वेदी, गौरी मिश्रा, हेमा शर्मा, सुदीप भोला, लटूरी सिंह लट्ठ, दिनेश रघुवंशी, पवन और अनिल बेधड़क अपनी ओजस्वी व भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम का संयोजन महेश सिंघल ने किया और आयोजन की देखरेख क्लब अध्यक्ष नवल शर्मा के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर पंकज गर्ग, नवीन गर्ग, सुधीर गुप्ता,महेश गुप्ता, मनीष गर्ग, दीपक अग्रवाल,अभिषेक जैन, प्रदीप अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, श्याम अग्रवाल, पूनम शर्मा, नीतू सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# बटेश्वर मेले में आयोजित हो नदी सम्मेलन

- सिविल सोसायटी ने जिला पंचायत अध्यक्ष से की मांग
- कहा, उटंगन नदी पर केन्द्रित हो जल संरक्षण सम्मेलन



एनएनआई

**आगरा।** सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने जिला पंचायत अध्यक्ष से बटेश्वर मेले में नदी सम्मेलन आयोजित करने की मांग की है। सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के सेकेट्री अनिल शर्मा ने कहाकि जल से भरपूर रहने वाली उटंगन नदी के समुचित उपयोग से संबंधित योजनाओं के प्रति जनजागरूकता के लिए सम्मेलन आयोजित किया जाये।

सिविल सोसायटी का मानना है कि आगरा में लगातार गिरते भूजल स्तर को थामने में उटंगन नदी की महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। साथ ही बाह और रीठे और रेहावली गांव के बीच नदी पर मानसून कालीन पानी रोक कर करोडों घन मीटर भंडारित पानी का उपयोग बटेश्वर मंदिर के घाटों को भी शुद्ध ताजा जल उपलब्ध करवाने में उपयोगी होगा। गौरतलब है कि कार्तिक पूर्णिमा के अलावा सोमवार दिवसों और शिवरात्रि पर्वों पर बटेश्वर में यमुना में शुद्ध पानी की जरूरत खास तौर पर रहती है। इसी के साथ प्रस्तावित बांध से शमसाबाद, फतेहाबाद, पिनाहट और बाह ब्लॉक के क्षेत्रों में भूमिगत जल के स्तर और गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा। वर्तमान में ये सभी विकास खंड अति दोहित श्रेणी में हैं। गिरते जलस्तर के कारण अधिकांश गांवों में हैंडपंप काम करना बन्द कर चुके हैं।

# रामराज अभिषेक सुनि हिय हरषे नर नारि

## बाबा श्री मनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में प्रभु श्री राम राज्याभिषेक का हुआ भव्य दिव्य मंचन



एनएनआई

**आगरा।** गढ़ी ईश्वरा, दिगनेर, शमशाबाद रोड में चल रहे बाबा श्री मनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में शुक्रवार को प्रभु श्री राम राज्याभिषेक का मंचन अत्यंत भव्य और दिव्य रहा। इस दिन की प्रमुख झांकियाँ और प्रसंग प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक की खबर सुनकर अयोध्या के सभी स्त्री पुरुष आनंदित होते और उन्होंने अपने अनुकूल समझ कर सुंदर साज सजाने लगे। जिससे पूरा पंडाल प्रभु श्री राम की जय जयकार और भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। लंका में दशानन दहन के उपरांत अयोध्या वापसी पर अयोध्या नगरी के लोगों ने प्रभु श्री राम जी का माता जानकी के साथ भव्य रूप से स्वागत किया। शुभ मुहूर्त में गुरु वशिष्ठ ने श्री राम जी का राजतिलक कर राज्याभिषेक संपन्न कराया। इस अवसर पर देवताओं ने पुष्प वर्षा कर मंगल गीत गए और अवध नगरी का उत्साह उमंग देखते ही बन रहा था। "रामराज अभिषेक सुनि हिय हरषे नर नारि।लगे सुमंगल सजन सब विधि अनुकूल विचारि।।"

वृंदावन की किशोरी रास लीला मंडली के कलाकारों का जीवंत अभिनय सभी को मंत्रमुग्ध और भक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने बताया कि लंका में दशानन दहन के बाद विजय प्राप्त करते हुए प्रभु श्री राम जी का अयोध्या आगमन सत्य की विजय का प्रेरक है। रामलीला का हर चरित्र और इसका मंचन आज भी हम सभी के लिए विषम परिस्थितियों से लड़ने और विजय श्री प्राप्त करने का एक नया संकल्प देता है। उन्होंने बताया कि लीला विश्राम गौशाला में सुस्वादु प्रसादी के साथ हुआ ।



## सब सुख लहे तुम्हारी शरणा, तुम रक्षक काहू को डरना

**आगरा एनएनआई।** मां भगवती सेवा मण्डल द्वारा आज तोता का ताल स्थित सजे मां दुर्गा के पण्डाल में सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया। एकादशी के दिन आज हरि नाम के लिए समर्पित था। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। ढोलक मंजीरों संग संगीत की स्वरलहरियों पर सुंदर काण्ड के पाठ के साथ श्रीहरि के भजनों पर भक्तजनों ने खूब नृत्य भी किया। भक्ति भाव के गाते झूमते सुन्दरकाण्ड का पाठ सम्पन्न हुआ। अंत में आरती के उपरान्त सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया। वृंदावन से आए भूदेव कृष्ण शास्त्री व लखनऊ से आए आचार्य लघु मिश्रा द्वारा विधि विधान के साथ प्रतिदिन की तरह चार आरती सम्पन्न करायी। 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि उपस्थित थीं।

## आगरा से कैलादेवी में लगे छप्पन भोग, देवी जागरण

**आगरा एनएनआई।** राजराजेश्वरी माँ कैला देवी की असीम कृपा आशीर्वाद से माँ कैला देवी आश्रम, कैला देवी करौली में भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भक्तों द्वारा पोशाक अर्पण, छप्पन भोग, फूल बंगला एवं देवी जागरण का दिव्य कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर से हुआ सभी ने भाव पूर्वक मैया के दर्शन कर पूजन किया

श्रद्धालुओं के उपस्थित होकर माँ



कैला देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया यह सौभाग्य सौभाग्य रेखवती देवी पंचवटी परिवार वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, श्याम भोजवानी, रिंकू शर्मा, गुरमीत सिंह, राजेश वर्मा, पुनीत मेहंदीरत्ता, स्वाती, धर्मेंद्र सारस्वत, अतुल गुप्ता, प्रदीप खंडेलवाल, विपिन शर्मा, ज्ञान गुप्ता, प्राप्त हुआ है।



# स्वदेशी वस्तुओं को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

एनएनआई

**आगरा।** आगामी त्योहारी सीजन और शादी विवाह को देखते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थानीय स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए जागरूक अभियान चलाया। इस क्रम दरेसी से हर दुकानदार स्थानीय उत्पादन अपनाओ के लिए जगह-जगह स्टीकर लगाए गए और पदाधिकारियों ने समझाया कि व्यापारी ने विदेशी वस्तुओं की जगह स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए निवेदन किया। व्यापार मंडल से प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गुरनानी, जिला अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपक शर्मा, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, रामकुमार गोयल युवा प्रदेश महामंत्री, किशोर बुधरानी, अनुराग गोयल, रोहित आयलानी, राजेंद्र सिंह जिला, ओमप्रकाश, शैलेश खंडेलवाल ,दीपक अग्रवाल ,सुनील जैन, निखिल मितलानी ,ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## मां चामुंडा देवी को लगा छप्पन भोग का प्रसाद

**आगरा एनएनआइ।** कचहरी घाट स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर पर भक्तों के द्वारा विशाल छप्पन भोग मां को अर्पण किए गए। मंदिर को फूल बंगला एवं भव्य लाइटिंग से सजाया गया। गौरव पोद्दार द्वारा बताया गया कि दूर-दूर से भक्त 56 भोग के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। इस आयोजन में निर्मला पोद्दार, संगीता शालिनी सौरभ आदि भक्त उपस्थित रहे।



# रंगग्राम के उद्घाटन के साथ रंगोदय-2025 का आगाज

एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती नाट्य केंद्र द्वारा मिल्टन पब्लिक स्कूल के सहयोग से अवधपुरी स्थित कैंपस में बसाए गए रंगग्राम में 21वें राष्ट्रीय नाट्य एवं नृत्य महोत्सव 'रंगोदय-2025' का रंगग्राम के उदघाटन के साथ ही शुभारंभ हो गया। मणिपुर के रंगकर्मी स्व. केबी शर्मा और असम की रंगकर्मी स्व. पाखिला कलिता को समर्पित इस रंगोदय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी शुभारंभ हो गया। औपचारिक उद्घाटन के बाद एकल नाट्य प्रस्तुति की गई। वहीं दूसरी ओर स्कूल के प्रांगण में भव्य डांडिया नृत्य की एक शाम भी सजी, जिसमें स्कूल की शिक्षिकाओं, गैर शिक्षक कर्मचारियों के परिवार और रंगोदय में पधारे कलाकारों ने जमकर डांस धमाल मचाया।



रंगग्राम का औपचारिक उद्घाटन मिल्टन पब्लिक स्कूल की चेयरमैन चित्रा राज, महोत्सव के मुख्य संरक्षक और स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राहुल राज, वरिष्ठ रंगकर्मी विवेकानंद, जीबी दास महापात्र, संस्कार भारती नाट्य केंद्र के संस्थापक निदेशक नाट्यशिल्पी केशव प्रसाद सिंह, संरक्षक डॉक्टर महेश धाकड़, अध्यक्ष पंकज सक्सेना, कार्यकारी निदेशक अजय दुबे, सचिव नीता तिवारी और सुधीर कुमार ने संयुक्त रूप से मां शारदा और स्कूल के संस्थापक राज कुमार कुलश्रेष्ठ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। उद्घाटन के बाद मां शारदा की वंदना रंगकर्मी भारती शर्मा और वाणी सक्सेना आदि ने प्रस्तुत की।

# 'रंग बसंत' के जरिए याद किए गए बसंत रावत




एनएनआई

**आगरा।** रंगमंच के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अभिनेता एवं नाट्य निर्देशक स्व बसंत रावत की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सूर सदन प्रेक्षागृह में 'रंग बसंत' - एक स्मरण नाम से द्वितीय स्मृति समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें आरबीएस कॉलेज लिटरेरी एंड कल्चरल क्लब आगरा द्वारा शुभम सिंह जाखड़ द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक 'कर्मवीर' के मंचन के साथ - साथ बसंत रावत के जीवन और कृतित्व पर संवाद व प्रदर्शनी का आयोजन होना सुनिश्चित है।

बसंत रावत केवल रंगमंच के अभिनता एवं निर्देशक ही नहीं बल्कि एक मुखर गायक तथा नाट्य संगीतज्ञ भी थे। आगरा शहर में तो वे किसी परिचय के मोहताज ही नहीं है। 'अब्दुल्ला दीवाना', 'गधे की बारात,' 'आला अफसर' जैसे अनेक लोकप्रिय नाटकों में बसंत ने अपने जीवंत अभिनय से आगरा में एक अलग ही पहचान बनाई थी। रंगमंच के प्रति समर्पण बसंत को आगरा से लखनऊ ले गया और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के दम पर ही भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ के रंगमंडल के सदस्य बने और अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री राज बिसारिया, जुगल किशोर, एमके रैना, भानु भारती , सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ जैसे नाट्य निर्देशकों के साथ अद्वितीय कार्य किया। कार्यक्रम कार्यक्रम गीता रावत ने कार्यक्रम के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में बसंत के जीवन और उनकी रंगयात्रा पर आधारित एक लघु वृत्त - चित्र का भी प्रदर्शन किया जाएगा। वरिष्ठ रंगकर्मी उमेश अमल ने बताया कि राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाट्य अभिनेता एवं निर्देशक श्री ललित पोखरिया जी इस अवसर पर लखनऊ से विशेष रूप से पधार रहे हैं, जिनके साथ वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा द्वारा एक संवाद - सत्र के माध्यम से बसंत जी के कृतित्व को रेखांकित किया जाएगा।

# व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

एनएनआई



**आगरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम सिटी वाईपी सिंह की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई। व्यापारियों की उठाई समस्यायों पर चर्चा हुई फेम के जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने पिछली बैठक में उठाई फुटपाथों पर कब्जे की समस्या जिससे पूरा शहर जाम की समस्या से ग्रसित है।उस पर किसी विभाग से कोई आख्या प्राप्त नहीं हुई।बताया गया कि क्योंकि पिछली मीटिंग 23 सितंबर को हुई थी और आज की मीटिंग में समय कम था।परंतु कुछ स्थान चिन्हित कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया।

इसके अलावा अन्य समस्याओं ग्रीन गेस के पेठा व्यवसायियों के कनेक्सन एवं संजय प्लेस पार्किंग आदि पर भी चर्चा हुई। बैठक का संचालन मृत्युंजय सिंह (डी जी प्रशासन) ने बैठक का संचालन किया.व्यवस्था आशीष जी ने संभाली।

# चैंबर के सदस्यों ने सीजीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर जीएसटी की समस्याओं को उठाया

एनएनआई



**आगरा।** आगरा।ेशनल चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स यूपी का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सीजीएसटी आयुक्त से मिला और जीएसटी की समस्याओं को उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नोट बुक को सरकार द्वारा करमुक्त कर दिया गया है परन्तु उसमें प्रायुक्त होने वाले कागज को 18 प्रतिशत कर की श्रेणी में रखा गया है, जिसके कारण इनपुट टैक्स क्रेडिट नहीं मिल पाता है।

होटल एंड रेस्टोरेंट की कर मुक्त सीमा भी बढ़ाकर बजट होटल की सीमा 2500/- तक करमुक्त किया जाये। इसी प्रकार स्क्रैप को 18 प्रतिशत कर श्रेणी से घटाकर उसे 5 प्रतिशत कर की श्रेणी में लाने का अनुरोध किया गया। डीजल इंजन पर करदेयता 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत जरूर कर दी है, लेकिन । सेन्ट्रीफ्यूगल डीजल वाटर पम्पसैट एवं इंजन स्पेयर पार्ट्स पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत ही रखी गयी है जबकि दोनों ही एक दूसरे के पूरक है। सेन्ट्रीफ्यूगल डीजल वाटर पम्पसैट पर जीएसटी को 5 प्रतिशत करने के लिये अनुरोध किया गया।

सीजीएसटी आयुक्त ने सभी सुझावों पर अमल के आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर अध्यक्ष संजय गोयल, उपाध्यक्ष विवेक जैन, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एवं जीएसटी प्रकोष्ठ के चेयरमैन अमर मित्तल, सदस्य अशुल अग्रवाल, होटल एंड रेस्टोरेन्ट से रमेश वाधवा, अवनीश शिरोमणि, सिद्धार्थ अरोरा, विनय अम्बा उपस्थित थे।

# महिला लेखपालों के लिए शौचालय तक नहीं

एनएनआई

- 17 सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार



**बाह।** मिशन शक्ति के दौर में बाह तहसील में महिला लेखपालों के लिए अलग से शौचालय नहीं हैं। महिला और पुरुषों के लिए अलग शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने 30 सितंबर को बाह के एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंप कर समाधान की मांग की थी। एक भी समस्या का समाधान न होने पर शुक्रवार से लेखपालों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। लेखपाल संघ बाह के अध्यक्ष यशवेन्द्र सिंह, मंत्री अमित कुमार ने बताया कि 19 मार्च से अब तक ई डिस्ट्रिक, क्राप कटिंग, स्मार्ट फोन डाटा यूजर चार्ज का भुगतान नहीं हुआ है। डीए वृद्धि का सालों से एरियर लटका है। 24 जून 2016 से कई लेखपालों के अब तक एनपीएस खाते नहीं खोले गये हैं, जिससे अपने भविष्य को लेकर लेखपाल ससंकित हैं। चिकित्सीय अवकाश के प्रतिपूर्ति भुगतान लंबित है। विभिन्न संदर्भो में समस्याओं के समाधान के लिए स्थलीय फोटो प्रिंट करने के लिए प्रिंटर भी उपलब्ध नहीं कराया है। सहकारी समिति पर लगे हुए लेखपाल हों या फिर व्हाट्सएप ग्रुप आदि के माध्यम से लेखपालों को बुला कर अधिकारी अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं। जिससे लेखपाल नाराज हैं। अध्यक्ष और मंत्री ने बताया कि 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बाह तहसील के लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है।




# मेरा टेसू यहीं अड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा...

एनएनआई



**बाह।** महाभारत कालीन टेसू झांझी की परंपरा के निर्वहन के लिए बाह, जैतपुर क्षेत्र के गांव कस्बों में बच्चों की टोलियां गली गली और घर घर पहुंचने लगी हैं। मेरा टेसू यहीं अड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा... मेरी झांझी चली है, सुहाग नारे सुबना आदि गीतों से गलियां गूंज उठी हैं। घर घर जाकर बच्चे अनाज, रुपये आदि इकट्ठे कर रहे हैं। शरद पूर्णिमा को टेसू झांझी के विवाह के साथ दशहरा से शुरू हुए पांच दिवसीय उत्सव का समापन होगा। जरार, बिजौली, फरैरा, बटेश्वर, बासौनी, क्वारी, चांगौली, मढ़ेपुरा, नरहौली, भाऊपुरा, पुरा कनेरा, दोदापुरा, पार्वतीपुरा, मंगदपुर, फरैयापुरा, बिक्रमपुर, बड़ागांव, सिमराई, अभयपुरा, अमाही, चित्राहाट, शाहपुर ब्राह्मण, कचौराघाट आदि गांवों में टेसू झांझी की लोक परंपरा के निर्वहन के दौरान उत्साह देखते ही बन रहा है।

# विकास खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**आगरा एनएनआई।** खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा मेरा युवा भारत, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में देवानंद परिहार (ग्राम प्रधान, विप्रावली), एकता तोमर (एंटी रोमियो स्क्वॉड), पंकज कुमार मिश्र (उप निरीक्षक), रोहित कुमार (उप निरीक्षक), राहुल परिहार (मंडल अध्यक्ष, किसान मोर्चा), बृजेश परिहार (मंडल महामंत्री, किसान मोर्चा), सोनू परिहार, रमण परिहार, अभिषेक पाठक योगेश परिहार सहित कई गणमान्य व्यक्तित्वों ने प्रतियोगिता में शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल के निर्देशन तथा संयोजक राघवेन्द्र चौहान भारत स्वयंसेवक) के परिश्रम से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## संपादकीय

# एसआईआर-सवाल अब भी बाकी

बिहार में मतदाता सूचियों में सुधार की प्रक्रिया पूरी हो गई। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कर नई मतदाता सूची जारी कर दी। वोटर लिस्ट में नाम बढ़ने और घटने का सिलसिला लगातार चलता रहता है, लेकिन यहां सवाल उससे ज्यादा बड़ा - भरोसे का है। एसआईआर को जिस तरह से आनन फानन में अंजाम दिया गया, उसकी वजह से जनता और विपक्ष के मन में कई सवाल पैदा हुए। हड़बड़ी और अधूरी तैयारियों का नतीजा रहा कि प्रॉसेस के बीच में डॉक्युमेंट्स को लेकर इतनी उलझनें खड़ी हुईं और सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा।आयोग की इस कवायद को लेकर राज्य में सियासत गरमा गई थी।विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले सूचियों के पुनरीक्षण पर सवाल उठाए गए। दस्तावेजी सबूत पर भी खासा विवाद हुआ और मामला शीर्ष अदालत तक पहुंचा। शीर्ष अदालत दखल के बाद ही आधार को नागरिकता दस्तावेजों की सूची में शामिल किया गया और मतदाताओं को इससे अपनी पात्रता साबित करने का मौका मिला। वोटर रिविजन एक जरूरी प्रक्रिया है, लेकिन थोपने के बजाय अगर सहमति से चला जाए तो ज्यादा बेहतर है, क्योंकि आखिर में लोकतंत्र में लोक ही महत्वपूर्ण है। बिहार में संदेश इसका उल्टा गया। ऐसा माहौल बना कि रिविजन के नाम पर नागरिकता तय की जा रही है। नतीजा रहा कि अफरातफरी मच गई, ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक सरकारी ऑफिसों के बाहर कतारें लग गईं और किसी जिम्मेदार के पास कोई सटीक जवाब नहीं था। अब चुनाव आयोग ने अपनी ओर से एसआईआर का काम पूरा कर दिया है।चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है, जिसमें करीब सात करोड़ 42 लाख मतदाताओं के नाम हैं। एसआईआर शुरू होने से पहले बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 89 लाख थी, जो अब घट कर सात करोड़ 42 लाख हो गई है। इस आधार पर कह सकते हैं कि सिर्फ 47 लाख नाम घटे हैं। लेकिन असल में करीब 69 लाख नाम कटे हैं। यह सात करोड़ 42 लाख की जो संख्या दिख रही है उसमें साढ़े 21 लाख नाम ऐसे हैं, जो नए जोड़े गए हैं। सवाल है कि क्या एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने से सारे सवालों के जवाब मिल गए? इसको लेकर जितने संदेह थे, सब दूर हो गए? क्या अब सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़ा मामला बंद हो जाएगा या वहां नए सवाल खड़े होंगे?ऐसा लग रहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अनेक सवाल अनसुलझे रह गए हैं। इनका जवाब इसलिए जरूरी है क्योंकि चुनाव आयोग अब पूरे देश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है और पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक इसका विरोध तेज हो गया है। केरल में तो विधानसभा में सर्वसम्मति से एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया है। चुनाव आयोग ने जुलाई के अंत में बिहार में जो मसौदा सूची जारी की थी उसमें 7.24 करोड़ नाम थे और 65 लाख 64 हजार नाम काट दिए गए थे। उसको लेकर बड़ा विवाद हुआ आयोग ने कहा कि इसमें 22 लाख से कुछ ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिनका निधन हो गया है, 36 लाख से कुछ ज्यादा लोग स्थायी रूप से शिफ्ट कर गए हैं और साढ़े छह लाख के करीब लोगों के नाम एक से ज्यादा जगहों पर थे। अब नाम कटने का आंकड़ा 69 लाख का है। सवाल है कि साढ़े तीन लाख के करीब जो नए नाम कटे हैं, वह किन लोगों के हैं? चुनाव आयोग ने इनको नॉट रिकमेंडेड की श्रेणी में रखा था और नोटिस जारी किया था। चुनाव आयोग ने खुद ही बताया है कि बिना पक्ष सुने किसी का नाम नहीं काटा जाएगा। सो, जाहिर है कि इन साढ़े तीन लाख लोगों का पक्ष सुन कर इनका नाम काटा गया होगा। तो अब सवाल है कि इनके दस्तावेजों में क्या गड़बड़ी थी? क्या इनके पास आधार भी नहीं था? या आधार था लेकिन आयोग को उसकी प्रामाणिकता पर संदेह था?अगर साढ़े तीन लाख लोगों के पास आधार भी नहीं था या आधार था तो संदिग्ध था तो चुनाव आयोग ने उनका क्या किया? या तो वे विदेशी व संदिग्ध नागरिक हैं और देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं या इसी देश के नागरिक हैं लेकिन किसी तकनीकी आधार पर उनका नाम काट कर उनको वोट देने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है? ये दोनों स्थितियां चिंताजनक हैं। एक सवाल यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने आधार को किस रूप में लिया? इस सवाल का जवाब भी इसलिए जरूरी है क्योंकि आगे जिन राज्यों में एसआईआर होगा वहां ज्यादातर लोग आधार ही पेश करेंगे। इसके अलावा एक सवाल यह है कि मसौदा सूची जारी होने के बाद चुनाव आयोग के सामने जो दावे और आपत्तियां आई थीं उनमें से कितने को और कैसे निपटाया गया? सवाल है कि ऐसा कैसे हो सकता है कि जिन लोगों ने मतगणना प्रपत्र भरा और मसौदा सूची में नाम आने के बाद खुद ही नाम कटवाने पहुंच गए? चुनाव आयोग ने कहा कि उसने 7.24 करोड़ की मसौदा सूची में से 3.66 लाख नाम और काटे, जबकि 21.53 लाख नाम जोड़े तो अब कुल संख्या 7.42 करोड़ हो गई। सवाल है कि जब खुद चुनाव आयोग ने एक सितंबर को दावे व आपत्तियां लेने की तारीख समाप्त होने के बाद कहा कि उसे 16.93 लाख नए नाम जोड़ने का आवेदन मिला है तो यह संख्या बढ़ कर 21.53 लाख कैसे हो गई? यह साढ़े चार लाख से ज्यादा नाम कहां से आए, जबकि आयोग ने कहा कि एक सितंबर के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा? इसमें दोराय नहीं कि मतदाता सूचियों में शुचिता के लिए समय-समय पर पुनरीक्षण होना चाहिए। चुनाव आयोग को चाहिए कि सभी तरह की आपत्तियों का समय रहते निराकरण किया जाए। कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न हो, यह सुनिश्चित करना आयोग की ही जिम्मेदारी है। चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक है। बिहार को एक सबक की तरह देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसके बाद बाकी राज्यों में भी यही प्रक्रिया दोहराई जानी है।

# भारतीय बच्चों में देखी जा रही दो पोषक तत्वों की भारी कमी

## 10% किशोर प्री-डायबिटीज की गिरफ्त में

अच्छी सेहत के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को ऐसे आहार के सेवन की सलाह देते हैं जिनसे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सकें। जब बात बच्चों की सेहत की आती है तो ये और भी जरूरी हो जाता है।



आज की तेज रफ्तार जिंदगी में जहां बच्चों की दिनचर्या स्क्रीन और जंक फूड तक सीमित हो गई है, वहीं उनकी सेहत पर गहरा असर पड़ रहा है। पहले बच्चे खेलकूद, धूप और घर के बने खाने से प्राकृतिक तौर पर सभी जरूरी पोषक तत्व प्राप्त कर लेते थे, लेकिन आज बदलती जीवनशैली और आहार की गड़बड़ी उनके विकास के लिए खतरा बनती जा रही है और कई गंभीर बीमारियों का जोखिम भी बढ़ा रही है। अध्ययन बताते हैं कि दुनियाभर में बड़ी संख्या में बच्चे विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन



जैसी बुनियादी पोषण की कमी का शिकार हो रहे हैं। विटामिन-डी, आयरन, जिंक और कैल्शियम की कमी सबसे आम पाई जाती है, जो उनकी हड्डियों, दांतों और इम्यून सिस्टम को कमजोर बना देती है। भारत बच्चों में पोषक तत्वों की कमी से संबंधित एक हालिया रिपोर्ट काफी चिंता बढ़ाने वाली है।

**बच्चों में विटामिन डी और जिंक की कमी**

भारतीय बच्चों और किशोरों की पोषण स्थिति को लेकर गंभीर संकेत सामने आए हैं। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की रिपोर्ट चिल्ड्रेन इन इंडिया के अनुसार देश में बड़ी संख्या में बच्चे विटामिन डी और जिंक की कमी से जूझ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कमी बच्चों की वृद्धि और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर रही है और भविष्य में गंभीर बीमारियों की नींव रख सकती है। रिपोर्ट के अनुसार देश में 1 से 4 साल के 14 फीसदी बच्चे, 5 से 9 साल के 18 फीसदी बच्चे और 10 से 19 साल के 24 फीसदी किशोर विटामिन डी की कमी से पीड़ित हैं। यह पोषक तत्व हड्डियों की मजबूती और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए जरूरी है।

**बच्चों की गड़बड़ दिनचर्या पड़ रही है भारी**

विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत जैसे धूप वाले देश में भी विटामिन डी की कमी इसलिए है क्योंकि बच्चे पर्याप्त समय धूप में नहीं बिताते, खानपान में कैल्शियम और विटामिन डी का अभाव है, साथ ही महानगरीय क्षेत्रों में प्रदूषण सूरज की किरणों को अवरुद्ध करता है।

जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित शोध में मोटापा, आनुवांशिक कारण, त्वचा का गहरा रंग और कैफीन का अधिक सेवन भी इस समस्या के कारक बताए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि 10 से 19 साल के 32 फीसदी किशोर, 1 से 4 साल के 19 फीसदी और 5 से 9 साल के 17 फीसदी बच्चे जिंक की कमी से जूझ रहे हैं। यह तत्व बच्चों की वृद्धि, प्रतिरक्षा प्रणाली और बार-बार होने वाले संक्रमण से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिंक की कमी से नाटापन (स्टंटिंग) और कम वजन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**किशोरों में प्री-डायबिटीज और हृदय रोगों का भी खतरा**

एमओएसपीआई की रिपोर्ट किशोरों में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों की ओर भी इशारा करती है। 10.4 फीसदी किशोर प्री-डायबिटीज, 0.6 फीसदी डायबिटीज, 3.7 फीसदी हाई कोलेस्ट्रॉल और 4.9 फीसदी हाई ब्लड प्रेशर से प्रभावित हैं। वहीं 5 से 9 साल के 34 फीसदी बच्चे और 10 से 19 साल के 16 फीसदी किशोर हाई ट्राइग्लिसराइड के शिकार हैं। यह समस्या भविष्य में हृदय रोगों का बड़ा कारण बन सकती है। भौगोलिक स्थिति देखें तो छोटे बच्चों में यह समस्या पश्चिम बंगाल, सिक्किम और असम में सबसे ज्यादा पाई गई।

**शिशु मृत्यु दर में सुधार**

रिपोर्ट के अनुसार भारत की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 2023 में घटकर 25 प्रति हजार जन्म हो गई, जबकि 2022 में यह 26 थी। ग्रामीण इलाकों में यह दर अब भी 28 है, जबकि शहरी इलाकों में 18 है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आईएमआर सबसे अधिक 37, जबकि केरल में सबसे कम 5 दर्ज की गई। इसी तरह पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 29 प्रति हजार रही, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में यह 33 और शहरी क्षेत्रों में 20 रही। मध्य प्रदेश 44, उत्तर प्रदेश 42 और छत्तीसगढ़ 41 इस मामले में सबसे खराब स्थिति में रहे, जबकि केरल ने सिर्फ 8 प्रति हजार जन्म के साथ सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।






# असफलता हार नहीं, सीख है

## मानुषी छिल्लर ने साझा किए जीवन के अनुभव

पूर्व मिस वर्ल्ड और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने हाल ही में एक साक्षात्कार में असफलता, मिस वर्ल्ड यात्रा और कोविड के बाद की चुनौतियों पर खुलकर बात की। असफलता पर विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि असफलता को हार मानना चाहिए। यह एक जरूरी अनुभव है और इससे ही असली सीख मिलती है। सुनने में चाहे घिसा-पिटा लगे, लेकिन मुश्किल समय में ही असली विकास होता है।ऱ अपनी मिस वर्ल्ड यात्रा के सबसे मूल्यवान सबक पर बोलते हुए मानुषी ने कहा, मैंने सीखा कि मंज़िल से ज्यादा महत्वपूर्ण यात्रा होती है। उन्होंने कोविड के बाद के स्वास्थ्य संघर्षों को भी साझा किया। मुझे मांसपेशियों का काफी नुकसान हुआ और वजन में भी तेज गिरावट आई। मेरे पिता, जो डॉक्टर हैं, उन्होंने जीवनशैली में जरूरी बदलाव करने में मेरी बहुत मदद की, उन्होंने बताया। वर्तमान में मानुषी अपने पिता के साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनकी यह ईमानदारी और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि वह अपने मंच का उपयोग केवल ग्लैमर तक सीमित नहीं रख रहीं, बल्कि उसे सार्थक दिशा में ले जा रही हैं।

# ऋषभ शेट्टी की 'कंटारा चैप्टर 1' को यश ने बताया भारतीय सिनेमा का नया मानक



कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कंटारा चैप्टर 1' ने रिलीज के साथ ही दर्शकों और समीक्षकों से भरपूर सराहना बटोरी है। 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई इस फिल्म को एक ओर जहां लोककथाओं और दैवीय रहस्यों पर आधारित इसकी कहानी के लिए सराहा जा रहा है, वहीं तकनीकी गुणवत्ता और अभिनय को भी खूब प्रशंसा मिल रही है। इस बीच, केजीएफ फेम अभिनेता यश ने फिल्म की जमकर तारीफ की है और इसे 'कन्नड़ और भारतीय सिनेमा के लिए नया मानक बताया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यश ने लिखा, कंटारा चैप्टर 1ः कन्नड़ और भारतीय सिनेमा के लिए नया मानक। ऋषभ शेट्टी, आपका समर्पण, दृष्टिकोण और मेहनत हर फ्रेम में झलकती है। बतौर लेखक, निर्देशक और अभिनेता, आपकी दृष्टि ने स्क्रीन पर एक अद्भुत अनुभव रचा है।' यश ने निमार्ता विजय किराबंदूर और होम्बले फिल्म्स की भी सराहना की, जो 'केजीएफ' और 'कंटारा' जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए पहचाने जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने कलाकारों- रुक्मिणी वसंथ, गुलशन देवैया, और तकनीकी टीम को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। यश की इस सराहना से अभिभूत ऋषभ शेट्टी ने जवाब में लिखा, 'आपका सफर और दृष्टिकोण हमेशा से मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं। मेरे काम का समर्थन करने और हमेशा साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद।' फिल्म को आरआरआर फेम एनटीआर जूनियर से भी सराहना मिली। उन्होंने ट्वीट किया, 'कंटारा चैप्टर 1 की टीम को शानदार सफलता के लिए बधाई। ऋषभ शेट्टी ने अभिनेता और निर्देशक दोनों रूपों में कमाल कर दिखाया है। होम्बले फिल्म्स और पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं।' गौरतलब है कि 'कंटारा चैप्टर 1' वर्ष 2022 में आई ब्लॉकबस्टर 'कंटारा' का प्रीक्वल है। यह फिल्म लोककथाओं, दिव्यता और मानवीय भावनाओं का गहन मिश्रण प्रस्तुत करते हुए उस किंवदंती की उत्पत्ति की गाथा कहती है, जिसने पहली फिल्म को राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी।



# अक्षय ने बताया वो वाक्या जब उनकी बेटी से मांगी गई थी न्यूड तस्वीरें

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार, जिन्हें हाल ही में 'जॉली एलएलबी 3' में देखा गया था, ने अपनी बेटी नितारा के साथ हुई एक परेशान करने वाली घटना साझा की है। शुक्रवार को, अभिनेता ने साइबर जागरूकता माह 2025 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया और बताया कि कैसे उनकी बेटी से ऑनलाइन गेम खेलते समय उसकी नग्न तस्वीरें मांगी गईं। अभिनेता ने कार्यक्रम में अपने भाषण में कहा, मैं आपके साथ एक छोटी सी घटना साझा करना चाहता हूँ, जो कुछ महीने पहले मेरे घर पर घटी थी। मेरी बेटी वीडियो गेम खेल रही थी। कुछ वीडियो गेम ऐसे होते हैं जिन्हें आप किसी के साथ खेल सकते हैं, आप एक अनजान अजनबी के साथ खेल रहे होते हैं। जब आप खेल रहे होते हैं, तो आपको एक संदेश मिलता है, 'धन्यवाद, यह बहुत अच्छा था' या 'आप बहुत अच्छा कर रहे हैं', बहुत ही विनम्र संदेश। अचानक, उस व्यक्ति ने पूछा, 'आप कहाँ से हैं?' उसने लिखा, 'मुंबई'। और फिर सब कुछ सामान्य हो गया। उस व्यक्ति ने उससे कहा, 'शाबाश। तुमने बहुत अच्छा किया'। बहुत विनम्र, यह सम्मानजनक लगा। उन्होंने आगे बताया, फिर एक मैसेज आया, 'क्या आप पुरुष हैं या महिला?' उसने जवाब दिया, 'महिला'। यह चलता रहा। और फिर, उसने एक मैसेज भेजा, 'क्या आप मुझे अपनी नग्न तस्वीर भेज सकती हैं?' मेरी बेटी ने सब कुछ बंद कर दिया। उसने जाकर मेरी पत्नी को बताया। यह बहुत अच्छा था कि उसने जाकर मेरी पत्नी से इस बारे में बात की। इस तरह से चीजें शुरू होती हैं। यह भी साइबर अपराध का एक हिस्सा है। लोग और बच्चे बहक जाते हैं। जबरन वसूली के पैसे देने पड़ते हैं। आत्महत्या के कई मामले सामने आते हैं। डिजिटल दुनिया में, यह बहुत जरूरी है कि हमारे बच्चे इसके बारे में जानें। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से राज्य में साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों में साइबर अपराध कक्षाएं आयोजित करने का अनुरोध किया। उन्होंने आगे कहा, हमारे राज्य में, हर हफ्ते 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं कक्षा में साइबर अपराध का एक पीरियड होना चाहिए।

# हार के कगार पर पहुंची वेस्टइंडीज

## लंच तक स्कोर 66/5, भारत से फिलहाल 220 रन पीछे

एनएनआई



**अहमदाबाद।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरे दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने दिन के खेल की शुरूआत से पहले अपनी पारी पांच विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित की थी और 286 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में भी वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही सत्र में पांच विकेट गंवा दिए। लंच ब्रेक तक वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 66 रन बनाए हैं। फिलहाल टीम भारत से 220 रन पीछे चल रही है। लंच तक एलिक अथानाजे ने 27 और जस्टिन ग्रीव्स ने 10 रन बनाए हैं। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने बल्ले के बाद गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जडेजा को अब तक तीन विकेट मिले हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला है। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैम्पबेल 14, तेगनारायण चंद्रपॉल 8, ब्रेंडन किंग 5, रोस्टन चेज 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की आधी टीम 50 से भी कम के स्कोर पर पवेलियन लौट गई है। वेस्टइंडीज ने 46 रन पर पांच विकेट गंवा दिए हैं और वह अभी भारत से 240 रन पीछे चल रही है। बल्ले के बाद जडेजा गेंद से भी दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं और अब तक तीन विकेट ले चुके हैं। वेस्टइंडीज को शाई होप के रूप में पांचवां झटका लगा जो एक रन बनाकर आउट हुए।

# आज हो सकती है चयन समिति की बैठक

रोहित-कोहली की वापसी पर नजरें



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए शनिवार को अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की बैठक हो सकती है। इस समिति में पहली बार आरपी सिंह और प्रज्ञान ओझा भी शामिल हैं। बैठक का एजेंडा ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे और टी20 टीम का चयन करना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम की घोषणा कब की जाती है। चयनकर्ता वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट के दौरान वनडे टीम का चयन करेंगे, लेकिन घोषणा मैच के बाद हो सकती है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट को मानें तो रोहित शर्मा और विराट कोहली की वनडे टीम में वापसी हो सकती है। रोहित और कोहली ने भारत के लिए आखिरी मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। ये दोनों खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में ही खेलते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे का कार्यक्रम

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्तूबर से पहले वनडे के साथ शुरू होगा। सीरीज के अगले दो मुकाबले 23 और 25 अक्तूबर को खेला जाएंगे। इसके बाद 29 अक्तूबर से आठ नवंबर तक पांच मौचों की टी20 सीरीज होगी। चयन समिति की बैठक के दौरान रोहित और कोहली की वापसी के साथ ही ऐसे खिलाड़ियों के वर्कलोड प्रबंधन पर चर्चा हो सकती है जो तीनों प्रारूपों में खेल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था, लेकिन इसके बाद से ही टीम का शेड्यूल व्यस्त है। भारत ने एशिया कप में हिस्सा लिया और फिलहाल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज चल रही है। दूसरा टेस्ट खत्म होने के तुरंत बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया दौरा समाप्त होने के सप्ताह भर के अंदर भारत दो मैचों की टेस्ट सीरीज, तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा।

### गिल, बुमराह और कुलदीप के वर्कलोड पर नजर

शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ये तीन ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके वर्कलोड पर नजर रहेगी। 2027 वनडे विश्व कप को देखते हुए ये जरूरी है कि इनके वर्कलोड को प्रबंध किया जाए। ऐसे में हो सकता है कि इन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे से आराम दिया जाए। अगर गिल, बुमराह और कुलदीप को वनडे टीम में चुना जाता है तो टी20 सीरीज से पहले टीम से रिलीज किया जा सकता है। अगर गिल को वनडे से आराम मिला तो यशस्वी जायसवाल उनकी जगह ले सकते हैं, जबकि टी20 में अभिषेक शर्मा के साथ टी20 में ओपनिंग करने भी उतर सकते हैं। रोहित और कोहली मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं और उन्होंने पिछले सात महीने में काफी मेहनत की है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक के अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में सर्वाधिक रन बनाए थे। वहीं, रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ विजयी पारी खेली थी। रोहित को कप्तानी से हटाने का भी कोई कारण नहीं है क्योंकि इस प्रारूप में वह काफी सफल रहे हैं। वह खुद बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिए कप्तानी छोड़ना चाहें तो बात अलग है।

# सिमरन और निशाद ने जीता सोना

## भारत के खाते में अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य





### जन्मदिन पर निशाद ने जीता सोना

हिमाचल के ऊना में रहने वाले निशाद के लिए यह दोहरी खुशी थी क्योंकि उन्होंने अपने 26वें जन्मदिन पर पुरुषों की ऊंची कूद टी-47 स्पर्धा जीती। जब वह छह साल के थे तो हादसे में घास काटने वाली मशीन में उन्हें दायां हाथ गंवाना पड़ा। उन्होंने 2.14 मीटर के प्रदर्शन के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया। निशाद ने टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में रजत और 2019 की विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 में रजत पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर टी 35 के फाइनल में प्रीति ने 30.03 के साथ कांस्य पदक जीता। डिस्कस थ्रो में प्रदीप ने 46.23 मीटर के साथ कांस्य पदक लिया।

**नई दिल्ली।** निशाद कुमार और सिमरन शर्मा ने चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः ऊंची कूद और 100 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक जीता। प्रीति पाल और प्रदीप कुमार ने 200 मीटर और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीते। भारत के खाते में अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक हो गए हैं। प्रतियोगिता में दो दिन और शेष हैं। भारत जापान के कोबे में हुई पिछली चैंपियनशिप के 17 पदकों के रिकॉर्ड से महज तीन पदक दूर है। दिल्ली की सिमरन ने महिलाओं की टी-12 की 100 मीटर की रेस में 11.95 के अपने श्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ खिताब जीता। वह 200 मीटर की रेस में भी हिस्सा लेंगी। जापान में हुई पिछली चैंपियनशिप में उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 2024 पैरालंपिक में कांस्य पदक जीता था। चीन की लियांग (12.11) ने स्वर्ण और स्पेन की नागोरे ने कांस्य पदक जीता। समय से पहले साढ़े छह महीने की उम्र में जन्मी 25 वर्षीय सिमरन दृष्टिबाधित होने के कारण जेएलएन स्टेडियम में प्रशिक्षण लेती हैं। सिमरन छह महीने तक इनक्यूबेटर में थी और यह उसके पिता मनोज शर्मा ही थे जिन्होंने उन्हें खेल में आगे बढ़ने के लिए समर्थन दिया।

## शनिवार, 04 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज चंद्रमा का एकादश भाव में होना शुभ रहेगा। आपको आज बिजनेस में लाभ मिलेगा लेकिन परिश्रम अधिक करना होगा। आज शाम का समय आप अपने परिजनों के साथ आनंदपूर्वक बिताएंगे।

वृषभ राशि के लिए आज का दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। कोई दुविधा और उलझन का समाधान निकल सकता है। आप आज अपने परिवार को प्राथमिकता देंगे। वैवाहिक जीवन में आपके आज आनंद बना रहेगा।

मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते है कि आपका दिन आज लाभ और आनंद से भरपूर रहेगा लेकिन आपको आज अपना मन इधर उधर की बातो में लगाने से बचना होगा। शिक्षा प्रतियोगिता में मिथुन राशि के छात्र आज बेहतर कर पाएंगे।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन कारोबार व्यापार में लाभ दिलाने वाला रहेगा। अगर आप कोई काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से परामर्श करना चाहिए। जोखिम वाले काम से आपको आज बचना होगा।

सिंह राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको आज कोई अप्रत्याशित मौका मिलेगा जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। आज दोस्तों से मुलाकात होगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभ और प्रगतिदायक रहेगा। दिन भर आज आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। पुरानी चल रही परेशानियां आज खत्म होंगी। आप आज राहत की सांस लेंगे। व्यापार में ईमानदारी और लगनशीलता से काम करना होगा।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन सुखद होगा। आपको आज सेहत के मामले मे सतर्क और सजग रहना होगा। आज आपको नौकरी में टीम वर्क से फायदा मिलेगा। अगर आप नौकरी की तलाश में हैं तो आपको आज कोई मौका मिल सकता है।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको व्यापार में आज बड़ा लाभ मिल सकता है। शत्रु भी आज प्रबल होंगे जिससे आपको उनसे सतर्क रहना होगा। राजनीतिक क्षेत्र में उन्नति के प्रबल संकेत हैं।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आपको आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कामकाज के सिलसिले में आपको आज यात्रा करनी पड़ सकती है। नौकरी और व्यापार में साथी कर्मचारियों से वाद-विवाद में न पड़ें, अन्यथा आप मुश्किल में पड़ सकते हैं।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आप पर काम का दबाव अधिक रहेगा। परिवार में आज किसी से आपके मतभेद हो सकते हैं लेकिन वाणी पर नियंत्रण रखें। कामकाज की स्थिति बेहतर रहेगी।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन खर्चीला रहेगा। आज आप अपने किसी खास दोस्त के लिए कोई उपहार खरीद सकते हैं, लेकिन आपको अपनी जेब का भी ध्यान रखना होगा। कार्यक्षेत्र में आज आप अपने साथी कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन खर्चीला रहेगा। अपने परिजनों के साथ समय बिताना आपको अच्छा लगेगा। आपके परिवार के सदस्य भी प्रसन्न रहेंगे क्योंकि आज आप घर के लिए कुछ खास चीज खरीद सकते हैं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# लायंस क्लब विशाल ने लिया राष्ट्र सेवा और समाज कल्याण का संकल्प

## 49 वें अधिष्ठापन समारोह में सेवा प्रकल्पों पर चर्चा, जारी रहेगी समाज सेवा की मुहिम

एनएनआई



**आगरा।** लॉयंस क्लब विशाल का 49वा अधिष्ठापन समारोह होटल मुगल शैरेटन में मनाया गया। मुख्य अतिथि लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर जितेंद्र चौहान, विशिष्ट अतिथि स्वाति माथुर, आरएन वर्मा, अजय भार्गव ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा लायंस क्लब विशाल का असली उद्देश्य केवल सेवा नहीं, बल्कि एक दूसरे को प्रेरित करना और समाज में सकारात्मकता का बदलाव लाना है। आगरा विशाल ने इस वर्ष सेवा कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, अन्नदान और अन्य मानवीय सेवाओं को ज्यादा से ज्यादा करने का अभियान चलाया है। आगे भी क्लब का यह संकल्प जारी रहेगा। इस अवसर पर लायंस क्लब आगरा विशाल के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने सभी अतिथियों और चेयरपर्सन राजेंद्र कुमार अग्रवाल का अतिथि देवो भव की परंपरा के अनुरूप स्वागत किया। अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि हमारी टीम परस्पर सहयोग की भावना से समाज के उस वर्ग के लिए काम कर रही है जो कहीं ना कहीं जरूरी और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आगे भी हम सभी एकजुट होकर समाज सेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा 2027 तक क्लब का चैरिटेबल आई हॉस्पिटल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर मानव सेवा के लिए समर्पित हो जाएगा। सचिव अजय मनचंदा ने कहा कि लायंस क्लब आगरा विशाल द्वारा अन्य सेवा प्रकल्पों के शुरू करने का भी प्रयास चल रहा है। इस मौके पर अजय बंसल, सुनील अग्रवाल और अनूप गुप्ता द्वारा विशाल वेलफेयर होम के दिये जा रहे सहयोग की सराहना की गई। इस मौके सुनील गुप्ता, अजय मनचंदा, प्रमोद अग्रवाल, किशोर जैन, संजय बंसल, चंदर माहेश्वरी, सुप्रिया मनचंदा, निशा गुप्ता, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, हेमेन्द्र अग्रवाल, रवीन्द्र अग्रवाल, सुशील कपूर,राकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, योगेश अग्रवाल, मनीष बंसल, आलोक अग्रवाल, राकेश गर्ग, सुनील बंसल, केसी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# रीसन संस्था के करवाचौथ और डांडिया नाइट का हुआ पोस्टर विमोचन



एनएनआई

**आगरा।** सामाजिक संस्था रीसन के करवा चैथ और डांडिया नाइट के पोस्टर का विमोचन किड्स वनस्थली पब्लिक स्कूल कालिंदी विहार में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा क्रीडा भारती के वीरेंद्र मित्तल का सम्मान किया गया। पोस्टर विमोचन में सभी विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार मित्तल, डॉ. रीना जालान, डॉ. स्वाति चंद्रा और विद्यालय प्रधानाचार्य सुनैना नाथ मौजूद रहीं। संस्था के सुनील चैधरी और ने सभी का पट्टका और माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार मित्तल ने कहाकि कन्याविवाह की जिम्मेदारी लेना एक बहुत ही नेक कार्य है। सभी को अपने जीवन में कोई न कोई नेक कार्य करते रहने चाहिए। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आग्रह किया।मनीष कुमार मित्तल ने कहाकि जिस तरह हमारी श्रीनेमीरा सोसाइटी सभी अनाथ, बेसहारा, महिलाओं और वृद्धों को भोजन, कपड़े, शिक्षा आदि उपलब्ध कराती है, उसी प्रकार रिसन संस्था भी गरीब कन्याओं का विवाह कर उद्धार करती है। डॉ. रीना जालान और डॉ.स्वाति चंद्रा ने सभी को प्रोत्साहित किया कि रीजन सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित जो कि 9 अक्टूबर दोपहर 2 बजे होना हे उसमें सभी महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# कुष्ठ रोगियों के बीच बापू को किया याद

- लैप्रोसी पेशेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने शॉल-श्रीफल से कुष्ठ रोगियों को किया सम्मानित



एनएनआई

**आगरा।** लैप्रोसी पेशेन्ट्स वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर कुष्ठ सेवा सदन ताजगंज में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सभी कुष्ठ रोगियों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.राजेन्द्र मिलन ने की।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से शुरू हुए कार्य क्रम में सोसाइटी के सदस्यों ने कुष्ठ रोगियों को खादी के परिधानों का वितरण किया। कवि डॉ. यशोयश, निशिराज, प्रभुदत्त उपाध्याय ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर काव्य-पाठ के जरिए प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. राजेन्द्र मिलन ने कहाकि इस बढ़ते आतंकवाद पर गांधी दर्शन ही समुचित है। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ.एएस सचान ने कहाकि हमें गांधी के आदर्शों पर चलकर कुष्ठ रोगियों की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान जीएस मनराल, संकल्प भारद्वाज, शिवशंकर बघेल, जितेन्द्र सिंह, राजकुमार जैन, अजय कुमार मिश्रा, सुनील कुमार, मनीष कुमार गर्ग, संजय कुमार एडवोकेट आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. मधु भारद्वाज ने और धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार कर्दम ने किया।

# आज से गूंजेगी छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्यगाथा

- जाणता राजा महा नाट्य के मंचन की सभी तैयारियां हुई पूरी
- पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद करेंगे महानाट्य का शुभारंभ

एनएनआई



**आगरा।** छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्वविख्यात महानाट्य जाणता राजा का मंचन शनिवार से कलाकृति कल्चर एण्ड कन्वेंशन सेंटर ग्राउण्ड पर शुरू रहा है। यह आयोजन 9 अक्टूबर तक चलेगा। शुक्रवार को आयोजन समिति ने तैयारियों की अंतिम रूपरेखा मीडिया से साझा की। इस दौरान कलाकारों का अभ्यास सत्र भी प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. आशीष गौतम भैया ने कहाकि छत्रपति शिवाजी ने सनातनी संस्कृति को मुगलों के आक्रमण से बचाए रखने के लिए जिस साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया, वह बेजोड़ है। उनकी कहानी पाठ्य पुस्तकों में बस कुछ पन्नों मे ही समेट कर रख दी गई। नाटक जाणता राजा इस महान राजा के पूरे जीवन पर एक विहंगम दृष्टि डालता है। डॉ. संजय चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार, को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद आयोजन का शुभारंभ करेंगे। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

सीए संजीव महेश्वरी ने बताया कि जाणता राजा का मंच 2 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में चार मंजिला बनाया गया है। इसमें ढाई सौ कलाकार, 20 फीट ऊंची मां तुलजा भवानी की प्रतिमा, हाथी, घोड़े, ऊंट, बैलगाड़ियां और पालकी का प्रत्यक्ष उपयोग किया जा रहा है। आगरा में 70 हजार दर्शक इसके साक्षी बनेंगे। राकेश गर्ग ने बताया कि शहर को छह हिस्सों में बांटकर हर क्षेत्र से दर्शकों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस मौके अभिनव मौर्य, राघवेंद्र सिंह और समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

HOTEL
PALM GALAXY
RASTRADEEP
RESTRO LOUNGE
CELEBRATE YOUR GOLDEN MOMENTS WITH US
★ ROOMS ★ RESTAURANT ★ BANQUET ★ POOL ★ GARDEN
NH-19, ETMADPUR, AGRA | MOB : 9568906777, 9568504666
HOTEL PG PALM GALAXY
MAKING EVERY WEDDING GRAND AND ROYAL